दिनांकः 05.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य के कुछ उपखंडों में आज से सम्पूर्णता अभियान की शुरूआत।
- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भारी वर्षा से पैदा होने वाले हालातों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।
- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट–आज भी कई स्थानों पर तेज बारिश का अलर्ट।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर में रंगीन रत्नों की प्रदर्शनी–जस 2024 का उद्घाटन करेंगे।

000

राज्य के कुछ उपखंडों में आज से सम्पूर्णता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। देशभर के चयनित आकांक्षी जिलों और ब्लॉक्स में नीति आयोग की ओर से ये अभियान चलाया जा रहा है। राज्य में पांच आंकाक्षी जिलों के साथ 27 आंकाक्षी ब्लॉक्स में 30 सितम्बर तक चलने वाले अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, मृदा और सामाजिक विकास के छह सूचकांकों का शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना है। पिछड़े और दूर दराज के क्षेत्रों में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने और सतत विकास लक्ष्यों को स्थानीय बनाने के लिए ये अभियान आयोजित हो रहा है। इस कार्यक्रम के तहत आने वाले हर क्षेत्र में लाभों की प्रगति की निगरानी की जाएगी। अभियान के तहत बारां जिले का किशनगंज उपखंड शामिल है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज होने वाले कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

000

हनुमानगढ़ जिले के संगरिया उपखंड से भी आज अभियान की शुरूआत होगी। यहां चयनित छह सूचकांकों पर संबंधित विभाग प्रस्तुतीकरण देंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थी लघु नाटक भी प्रस्तुत करेंगे। करौली जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मासलपुर ब्लॉक से अभियान की शुरूआत हो रही है। इससे पहले कल टोंक और गंगापुर सिटी में भी अभियान की शुरूआत हुई। टोंक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपलू में सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया ने इसका शुभारंभ किया। वहीं गंगापुर सिटी में हुए कार्यक्रम में जिला कलेक्टर और ब्लाक स्तरीय अधिकारियों तथा ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। जागरूकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, लघु फिल्म प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

000

विधानसभा और लोकसभा चुनाव के तहत प्रदेश में किये गये नवाचारों की असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग गोयल ने प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग द्वारा तैयार 'पोस्टल बडी' कंप्यूटर एप्लीकेशन का उपयोग असम राज्य में विधानसभा उपचुनाव में किया जाएगा। श्री गोयल ने इस एप का प्रयोग उनके राज्य में करने के लिए राजस्थान से निर्वाचन विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ अधिकारियों को असम भेजने का भी आग्रह किया। कल जयपुर में उन्होंने राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की उपस्थिति में चुनाव विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने पिछले दिनों सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव

और विधानसभा चुनाव के दौरान राजस्थान में किए गए सूचना तकनीक आधारित नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की। श्री गोयल ने कहा कि पोस्टल बडी, चुनाव प्रक्रिया को अधिक सहज और सरल बनाने का नवाचार है। बैठक में श्री महाजन ने कहा कि 'पोस्टल बडी' के जरिए चुनाव अधिकारियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान प्रक्रिया को विभिन्न स्तर पर ट्रैक करना आसान हो जाता है।

000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भारी वर्षा से पैदा होने वाले हालातों से आमजन को राहत देने के लिए अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों को साथ मुस्तैद रहने को कहा है। कल जयपुर में वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से सभी संभागीय आयुक्तों, जिला कलेक्टरों और सम्बंधित विभागों की उन्होंने समीक्षा बैठक की। श्री पंत ने सभी विभागों को निगरानी रखने के निर्देश दिये। श्री पंत ने कहा की अगले 72 घण्टों में संभावित भारी वर्षा को देखते हुए सर्तक और तैयार रहें। उन्होंने कहा की जल भराव को रोकने और शहरी क्षेत्रों में बाढ के जोखिम को कम करने के लिए सभी अधिकारी समय–समय पर निरीक्षण करें। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया की आमजन आपात स्थिति में टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर हो रही बारिश के कारण तापमान में काफी गिरावट आई है। ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 30 से 35 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। हालांकि अभी भी कई स्थानों पर उमस का असर है। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मानसून सक्रिय है और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम तो कहीं कहीं भारी बारिश दर्ज की गयी है। राजधानी जयपुर में देर रात तक रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। बीकानेर में कल शाम को आंधी के बाद आई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और तपिश से राहत मिली। जिले के कुछ कस्बों में तेज बारिश होने के समाचार हैं। भीलवाड़ा जिले में पूरी रात कहीं रिमझिम तो कहीं मूसलाधार बारिश हुई। उदयपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ, झालावाड़, बूंदी, कोटा, चित्तौड़गढ जिलों में भी तेज हवाओं के साथ वर्षा हुई है। सवाई माधोपुर, टोंक, जोधपुर और नागौर में हल्की बारिश की खबर है। सीकर से हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज बारिश के कारण वहां निचले इलाकों में पानी भर गया।

000

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य के पूर्वी जिलों में आगामी दो–तीन दिन अधिकतर स्थानों पर बारिश की संभावना है। इसके चलते जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा संभाग के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कहीं–कहीं भारी बारिश होने के आसार हैं। बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी 48 घंटों के दौरान मेघगर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है।

000

राज्य में आज से जलदाय विभाग एक लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू करेगा। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल जयपुर में पौधरोपण कर इसकी शुरूआत करेंगे। जल भवन में लगभग पांच सौ छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएंगे। विभाग ने प्रदेशभर के संस्थानों और कार्यालयों में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। राज्य में गिरते हुए भूजल स्तर, पेयजल गुणवत्ता, जल सुरक्षा, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पौधरोपण कार्यों की राज्य स्तरीय कार्य–योजना तैयार करने के लिए आज जल भवन में एक दिवसीय सेमिनार भी आयोजित की जाएगी। इसमें करीब 60 से 70 प्रतिनिधि भाग लेंगे। जलदाय मंत्री नीर निधि निर्माण के तहत जल भवन में वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास भी करेंगे।

000

जयपुर में आज से रंगीन रत्नों की प्रदर्शनी–जस 2024 शुरू हो रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसका उद्घाटन करेंगे। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। ज्वैलर्स एसोसिएशन ऑफ जयपुर की ओर से सीतापुरा के जेईसीसी में तीन दिन तक ये प्रदर्शनी आयोजित होगी। प्रदर्शनी में हिस्सा लेने के लिए दुनियाभर के करीब डेढ़ हजार लोगों ने पंजीकरण करवाया है। इस दौरान 275 स्टॉल्स लगाये गये हैं। इस बार जयपुर की कुंदन–मीना पोलकी के जड़ाऊ गहने आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

च000